हिन्दी पाक्षिक

# सेमन्या कणवघाटी

RNI No.: UTTHIN/2013/54659

वर्ष-11 अंक-19 हरिद्वार, गुरूवार, 15 अगस्त, 2024 मूल्य-दो रूपया मात्र पृष्ठ-8

# राज्य कैबिनेट की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

**देहरादून ( मंवाददाता )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में हुई बैठक मे 36 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। मुख्य रूप से नगर निकायों के लिए ओबीसी आरक्षण एक्ट को विचलन से मंजूरी मिलने के बाद संबंधित प्रस्ताव को मंत्रिमंडल के सम्मुख रखा गया था। जिस पर मंत्रिमंडल ने निकायों के ओबीसी आरक्षण एक्ट के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत कर दिया है। इसके साथ ही मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा को नगर निगम बनाने की मंजूरी मंत्रिमंडल में दे दी है। पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा को नगर निगम बनाने के प्रस्ताव पर मंजूरी दी गई है। सूत्रों ने मिली जानकारी के अनुसार कैबिनेट बैठक के दौरान 36 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। जिसमें मुख्य रूप से पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा को नगर निगम बनाने के प्रस्ताव पर मंजूरी मिल गई है। डोईवाला अभी



तक सी ग्रेड की नगर पालिका थी जिसको सी-वन ग्रेड में लाने के प्रस्ताव पर मंजूरी मिल गई है। ऐसे में सरकार बहुत जल्द निकाय चुनाव कराने की दिशा में आगे बढ़ेगी। साथ ही कहा कि निकायों के ओबीसी आरक्षण एक्ट के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया गया है। ऐसे में नगर निकायों के पहले सीमांकन की कार्य पूरा होगा उसके बाद ओबीसी का आरक्षण कर निकाय चुनाव कराया जाएगा।

उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 एवं उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 में संशोधन को विधानसभा के पटल पर रखने को मंजूरी दी गई है। नगर पालिका परिषद नगला की सीमा से गोविंद बल्लभ पंत यूनिवर्सिटी को बाहर किया जाएगा जिस पर कैबिनेट ने अपनी मोहर लगा दी है। खेल विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए उत्तराखंड खेल विवि विधेयक, 2024 को विधानसभा के पटल पर रखने की मंजूरी मंत्री मंडल ने दी है। उत्तराखंड होमगार्ड कल्याण कोष संशोधन, नियमावली 2024 को प्रख्यापित करने को मंजूरी मिली है। उत्तराखंड लोक तथा निजी संपत्ति क्षति वसूली अध्यादेश 2024 को विधेयक के लिए विधानसभा के पटल पर रखा जाएगा, पंच केदार-पंच बद्री को उत्तराखंड पर्यटन यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल में शामिल किए जाने के लिए संस्थान के चयन को मंजूरी, जेडीए-एलआर एक्ट उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि अधिनियम 1950, संशोधन के लिए विधेयक लाने को मंजूरी मंत्री मंडल ने दी है।

मिली जानकारी के अनुसार पौड़ी जिले के कोटद्वार में नवीन केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए प्रस्तावित भूमि का निशुल्क आवंटन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त राज्य में नवीन केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए निशुल्क भूमि आवंटित की जाएगी। उत्तराखंड पर्यटन उद्यमी प्रोत्साहन योजना 2024 के प्रख्यापन किए जाने के संबंध में कैबिनेट की मंजूरी मिली है।

अन्य पिछड़ा जाति (पूर्वदशम एवं दशमोत्तर) तथा ई, बी, सी छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत भारत सरकार की निर्गत नवीन दिशा निर्देशों को प्रदेश में लागू किए जाने के संबंध में कैबिनेट की मंजूरी दी गई है। उत्तराखंड अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग में अधिनियम के प्रावधानुसार आयोग का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2020-21 तथा 2021-22 को विधानसभा के पटल पर रखे जाने के संबंध में कैबिनेट ने अपनी मोहर लगाई है। उत्तराखंड कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा विभाग (लिपिकवर्गीय) सेवा नियमावली 2024 के प्रख्यापन के संबंध में कैबिनेट की मंजूरी दी गई है।

उत्तराखंड पुलिस उप निरीक्षक और निरीक्षक (नागरिक पुलिस व अभिसूचना) सेवा (संशोधन) नियमावली 2024 के प्रख्यापन के संबंध में कैबिनेट की मंजूरी दी गई है। होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के अंतर्गत केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान के लिए पदों के सृजन संबंधी शासनादेश संख्या 03 दिनांक 3 जनवरी 2017 में भाषायी त्रुटि और कतिपय पदों के वेतनमान, ग्रेड वेतन, पदनाम को निम्नकृत व संशोधित

- शेष पृष्ठ 3 पर ...

## डा.हरिराम आर्य इंटर कालेज के छात्र-छात्रओं और एनसीसी कैडेटस ने निकाली तिरंगा यात्रा

हरिद्वार, संवाददाता। डा.हरिराम आर्य इंटर कालेज मायापुर में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं एनसीसी कैडेट्स ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य डा.अरविंद शर्मा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान से मिली स्वतंत्रता को सुरक्षित रखने व देश को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी हम सब की है। विशेष कर उन नौजवानों की जिनके कंधे पर देश की बागडोर आने वाली है। उन्होंने कहा कि हमें अपने व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर देश हित में भी अपना चिंतन लगाना होगा और देश के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। प्रत्येक नागरिक के सहयोग, चिंतन व त्याग से ही देश आगे बढ़ सकता है। सबको मिलकर भारत को विश्व गुरु के पद पर स्थापित करना होगा। रैली का संचालन एनसीसी ऑफिसर सरीन कुमार ने किया।

इस अवसर पर दीपक मिश्रा, श्रवण कुमार, राजीव कौशिक, अनमोल यादव, सुषमा शर्मा, जमशेद अली, निशा कुमारी, प्रियंका शर्मा, निधि शर्मा, प्रवीण त्यागी, संजय कुमार, आशीष कुमार, नीरज कुमार, यज्ञराज भट्ट, राजेश कुमार आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## बेहतर कार्य कर रही धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार: दुष्यंत गौतम

**देहरादून ( संवाददाता )।** भाजपा के उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत गौतम ने कहा कि उत्तराखंड मे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह




धामी के नेतृत्व मे राज्य सरकार बेहतर कार्य कर रही है और निश्चित रूप से उत्तराखंड आगामी दशक मे देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनने की दिशा मे आगे बढ़ रहा है। पत्रकारों द्वारा पूछे सवालों का जवाब देते हुए उत्तराखण्ड प्रदेश प्रभारी राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम ने कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी हर चुनौतियों पर खरे उतरते रहे है। उन्होंने कहा कि हाल ही मे कांवड़ यात्रा को बेहतर रूप मे संचालित किया गया। चाक चैबंद व्यवस्था के बीच काँवड़िये जल लेकर गए और व्यवस्था भी सुचारु रूप से चलती रही। वहीं केदारनाथ मे आई आपदा मे भी बेहतर प्रबंधन किया गया। सभी यात्रियों को कुशलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। वहीं यह राहत की बात रही कि जन हानि नही हुई, जबकि आपदा बड़ी थी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने भी समय पर हेलिकाप्टर और जरूरी संसाधन मुहैया कराये जिससे बड़ी आपदा से समय पर निपटा गया। गौतम ने कहा कि उत्तराखंड को आगामी दशक का श्रेष्ठ राज्य बनाना पीएम नरेंद्र मोदी का सपना है। पीएम के मार्गदर्शन मे सीएम धामी उसी दिशा मे राज्य को आगे बढ़ा रहे हैं। केंद्र के सहयोग से धरातल पर चल रही तमाम विकास योजनाएं राज्य के विकास को पंख लगा रहे है और राज्य आज मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व हर क्षेत्र मे प्रगति कर रहा है।

## चेतावनी निशान के ऊपर पहुंचा गंगा का जलस्तर

**हरिद्वार ( संवाददाता )।** भीमगोड़ा बैराज में रविवार रात 12 बजे गंगा का जलस्तर चेतावनी निशान के ऊपर 293.05 मीटर रिकॉर्ड हुआ। एक बजे बैराज पर गंगा का जल स्तर 293.25 मीटर रहा। पहाड़ों पर हो रही भारी बारिश के बाद पशु लोक बैराज से गंगा में अतिरिक्त जल छोड़ा गया था। इस दौरान बैराज से निचले इलाकों में पानी की अधिकतम निकासी दो लाख क्यूसेक तक रही। जलस्तर बढ़ने के बाद निचले इलाकों में अलर्ट जारी किया गया। साल में तीसरी दफा गंगा चेतावनी निशान से ऊपर बही। रविवार रात 11 बजे से भीमगोड़ा बैराज पर गंगा का जल स्तर बढ़ना शुरू हुआ। रात 12 बजे गंगा का जलस्तर चेतावनी निशान को पार कर गया। इस दौरान गंगा खतरे के निशान से 75 सेंटीमीटर नीचे बही। हालांकि रात दो बजे गंगा का जलस्तर घट कर 292.90 दर्ज हुआ। सोमवार को सुबह आठ बजे गंगा का 292.35 मीटर पर बह रही थी। गंगा का जल स्तर बढ़ने के बाद गंगा के तटवर्ती और निचले इलाकों में प्रशासन ने अलर्ट जारी कर दिया।

## आधार कार्ड व गहने पुल पर छोड़ महिला ने गंगा में कूदी, पुलिस तलाश में जुटी

**हरिद्वार ( संवाददाता )।** उत्तराखंड के हरिद्वार जिले से सुसाइड का मामला सामने आया है। यहां एक महिला ने गंगा में आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने से पहले महिला ने अपना आधार कार्ड और अन्य जरूरी सामान पॉलिथीन में बांधकर घाट की रेलिंग पर टांग दी थी। मौके पर मौजूद लोगों ने महिला को गंगा में गिरते हुए देखकर पुलिस को मामले की सूचना की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। साथ ही रेलिंग पर टंगी पॉलिथीन में महिला का आधार मिला है। जिसके आधार पर उसकी पहचान बीना देवी निवासी पौड़ी गढ़वाल उत्तराखंड के रूप में हुई है।

पुलिस बीना देवी के परिजनों से संपर्क करने का प्रयास कर रही है। पुलिस को पॉलिथीन में से महिला के आधार कार्ड के अलावा दो अंगूठी और कीपैड वाला मोबाइल फोन भी मिला है। हरिद्वार शहर कोतवाली के एसएसआई सतेंद्र बुटोला ने बताया कि आधार कार्ड में महिला का नाम बीना देवी पत्नी बालकृष्ण निवासी नौडी नेदी पौड़ी गढ़वाल लिखा हुआ है। महिला ने इस तरह का कदम क्यों उठाया इसका बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस के एक टीम गंगा में महिला का तलाश कर रही है। बता दें कि दो दिन पहले ही हरिद्वार हरकी पैड़ी के पास यूपी के सहारनपुर जिले के दंपति ने सुसाइड कर लिया था। जिसमें पति को लाश तो पुलिस को मिल गई थी, लेकिन महिला का अभीतक कुछ पता नहीं चल पाया था।

## सम्पादकीय

### महिला शिक्षा

शिक्षा वयस्क जीवन के प्रति स्त्रियों के विकास के लिए एक आधार के रूप में विशेष रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा अन्य अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए लड़कियों और महिलाओं को सक्षम करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बहुत सी समस्याओं को पुरुषों से नहीं कह सकने के कारण महिलाएं कठिनाई का सामना करती रहती हैं। अगर महिलाएँ शिक्षित हों तो वे अपने घरों की सभी समस्याओं का समाधान कर सकती हैं। स्त्री शिक्षा राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय विकास में मदद करता है। आर्थिक विकास और एक राष्ट्र के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि में मदद करता है। महिला शिक्षा एक अच्छे समाज के निर्माण में मदद करती है।शिक्षा प्राप्त करके आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने का अर्थ यह नहीं है कि नारी शिक्षित होकर पुरुष को अपना प्रतिद्वन्द्वी मानते हुए उसके सामने ही मोर्चा लेकर खड़ी हो जाए। बल्कि वह आर्थिक क्षेत्र में भी पुरुष के बराबर समानता का अधिकार प्राप्त करके उसके साथ मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध के समीकर्ण बनाने में सक्षम बने। जिस प्रकार शरीर को भोजन की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार मानसिक विकास के लिए शिक्षा आवश्यक है। अगर नारी ही शिक्षित नहीं होगी तो वह न तो सफल गृहिणी बन सकेगी और न कुशल माता। समाज में बाल-अपराध बढ़ने का कारण बालक का मानसिक रूप से विकसित न होना है। अगर एक माँ ही अशिक्षित होगी तो वह अपने बच्चों का सही मार्गदर्शन करके उनका मानसिक विकास कैसे कर पाएगी और एक स्वस्थ समाज का निर्माण एवं विकास सम्भव नहीं हो सकेगा। अत: यह कहा जा सकता है कि शिक्षित नारी ही भविष्य में निराशा एवं शोषण के अन्धकार से निकलकर परिवार को सही राह दिखा सकती है। इसका एक रूप शिक्षा में स्त्रियों को पुरुषों की ही तरह शामिल करने से संबंधित है। दूसरे रूप में यह स्त्रियों के लिए बनाई गई विशेष शिक्षा पद्धति को संदर्भित करता है।

## सेहत को सुधारना हैं तो सुबह खाली पेट करें लहसुन का सेवन

भारतीय रसोई में लहसुन का इस्तेमाल बहुत किया जाता हैं। किसी भी प्रकार की सब्जी या व्यंजन हो लहसुन खाने के स्वाद को बढ़ाने का काम करता हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि लहसुन को कई बीमारियों का रामबाण इलाज माना जाता हैं। औषधीय गुणों से भरपूर लहसुन को आयुर्वेद की सबसे खास जड़ी बूटियों में से एक माना गया है जिसमें मौजूद खनिज और विटामिन प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने के साथ ही सेहत को कई तरीके से फायदा पहुंचाने का काम करता हैं। सुबह खाली पेट लहसुन का सेवन आपकी सेहत की दुरुस्त करने के साथ ही दवाइयों से दूर रखता हैं। आज हम आपको लहसुन से सेहत को मिलने वाले उन फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं।

रक्त शर्करा को करें नियंत्रित -हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, लहसुन एलिसिन नामक यौगिक से भरपूर होता है। यह घटक रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने और कम करने के लिए जाना जाता है। जब आप लहसुन की फली को कुचलते या काटते हैं तो एलिसिन और बढ़ जाता है। कच्चे लहसुन की फली को दिन में दो बार कुचल कर खाने से आपके शुगर के स्तर में काफी सुधार हो सकता है।

**पेट से जुड़ी बीमारियों में फायदेमंद** -डायरिया और कब्ज़ की समस्या दूर करने में लहसुन बहुत फायदेमंद है। पानी उबालकर उसमें लहसुन की कलियां डालें। खाली पेट इसे पीने से डायरिया और कब्ज़ में आराम मिलेगा। यही नहीं, लहसुन शरीर के अंदर मौजूद जहरीले पदार्थों को बाहर निकालने का काम भी करता है। लहसुन की कलियां चबाने से डाइजेशन अच्छा रहता है और भूख भी खुलती है।

**हड्डियों का स्वास्थ्य बनाए बेहतर** -अगर आप सुबह में खाली पेट कच्चे लहसुन और एक गिलास पानी का सेवन करते हैं तो यह कैल्शियम की कमी को पूरा करता है। इससे हड्डियां स्वस्थ और मजबूत बनती है। रखता है। मासिक धर्म के समय होने वाले यह दर्द से राहत देता है यह शरीर में एस्ट्रोजन का स्तर बनाए रखने में मदद करता है।

**संक्रमण से देता है सुरक्षा**-लहसुन में एंटीबायोटिक और एंटी फंगल के गुण भरपूर मात्रा में पाए जाते है जो हमारे शरीर के बैक्टीरियल इंफेक्शन को दूर करने में मदद करते है। लहसुन को प्राकृतिक एंटीबायोटिक माना जाता है। नियमित सुबह खाली पेट लहसुन का सेवन करने से शरीर के कार्य करने की क्षमता बढ़ जाती है। यह लंबे समय तक संक्रमण से लड़ता है जिससे बीमारियों से शरीर की सुरक्षा होती है। यह बाहरी संक्रमण से शरीर को बचाता है।

**वजन घटाने में मदद करें**-ऐसा कहा जाता है कि वजन घटाने के लिए खाली पेट लहसुन की एक दो फली खाने से बेहद फायदा होता है। लहसुन में ऐसे घटक होते हैं जो आपके शरीर में खराब और अत्यधिक वसा को जलाने में मदद करते हैं। कई पोषण संबंधी पत्रिकाओं के अध्ययन में यह भी दावा किया गया है कि लहसुन सामान्य रूप से आपके चयापचय को तेज कर सकता है। जिससे वेट लॉस प्रोसेस को स्पीड अप किया जा सकता है।

# स्टार बनने की चाह में मैडल के लिए तरसते हम



आबादी के लिहाज़ से छोटे से मुल्क ऑस्ट्रेलिया की अकेली खिलाड़ी एम्मा मैकेन ने टोक्यो ओलंपिक-2021 में 4 गोल्ड व 3 ब्रॉन्ज़ मैडल जीते। ऑस्ट्रेलिया में उसे कोई पूछने तक नहीं आया, क्योंकि वहां के लोगों या सरकार के लिए या राजनेताओं के लिए यह उपलब्धि कोई खास मायने नहीं रखती। और दूसरी तरफ हम 140 करोड़ भारतीय सिर्फ एक मैडल पर ही पागल हुए जा रहे हैं। एक-एक मेडल के लिए तरसते; इस देश में जब हमारे स्टार खिलाड़ी सब कुछ मिलने के बाद राजनीति का स्वाद भी लेना चाहते हैं तो मन खट्टा हो ही जाता है। देश की हालात देखिये ओलिंपिक में मेडल के लिए तरसते हैं और कोई एक मेडल जीत जाए तो राजनीतिक लाभ लेने के लिए पैसों की बारीश कर देते है लेकिन जो खिलाडी अभ्यास कर रहे होते है उनके लिए कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराते। यह भी सत्य है कि दोनों चाहे खिलाड़ी हो या जवान देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। फिर उनके साथ ऐसा अन्याय क्यों..? सिस्टम को सोचने की ज़रूरत है। खिलाडियों को खिलाड़ी रहने दें। युद्ध के नायक न बनाए।

**-प्रियंका सौरभ**

ओलिंपिक 2024 में सभी देशों को टक्कर देता इकलौता विश्वविजेता देश जापान आज हम सभी के लिए ज्योतिपुंज है। 14 साल का जापानी युवा गोल्ड मेडल ला रहा है और हम, 140 करोड़ आबादी का देश एक मैडल पर राजनीति श्रेय लेने की होड़ में वाह -वाही कर रहे हैं। हर खिलाड़ी की व्यक्तिगत जीत देश के लिए न्यौछावर है लेकिन हम कहाँ हैं ये जानना ज़रूरी है मैडल लिस्ट में। जहां कॉलेज और स्कूल स्टूडेंट्स ओलंपिक मैडल ले आते हैं उनको बचपन से फोकस, ज़िम्मेवारी और निपुणता कैसे लानी है सिखाया जाता है।

आज तक के हर ओलंपिक की यह तस्वीर आप खुद देखिए अब आगे क्या कहूं? एक-एक मेडल के लिए तरसते इस देश में जब हमारे स्टार खिलाड़ी सब कुछ मिलने के बाद राजनीति का स्वाद भी लेना चाहते हैं तो मन खट्टा हो ही जाता है। देश की हालात देखिये ओलिंपिक में मेडल के लिए तरसते है और कोई एक मेडल जीत जाए तो राजनीतिक लाभ लेने के लिए पैसो की बारीश कर देते है लेकिन जो खिलाडी अभ्यास कर रहे होते है उनके लिए कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराते। भारत जैसा देश शायद ही कोई दूसरा होगा। इन्ही कारण से आज देश के सफल लोग देश छोड़े जा रहे है।

अपने देश मे योग्यता तो जन्म के साथ जाति विशेष मे पैदा होने से ही आ जाती है, 9वीं फेल भी जाति आधार पर योग्यता के सर्टिफिकेट बांटते मिल जायेंगे लेकिन 140 करोड़ से ज्यादा जनसंख्या वाला देश 1947 मे देश की आजादी के बाद भी ओलम्पिक जैसे विश्व स्तरीय खेलो मे एक एक गोल्ड मैडल के लिए तरसते आए है जबकि वहाँ कोई रिजर्वेशन भी नहीं है कि योग्यता के ठेकेदार लोगों को रोक रखा हो। हे महानुभावो, जिस फितुर को आप योग्यता मान रहे हो, असल मे तो वो देश की सामूहिक बदनामी है और हजारो अयोग्यताओ की जड़ है। जातियों मे महानता खोजना योग्य नहीं अयोग्य लोगो की पहचान है।

ये जो ग्रेट सज़ाति बनने की बीमारी लोगों मे लगी है, ये कोढ़ से भी ज्यादा घातक है। कोढ़ तो शरीर पर हमला करता है, जातियो मे महानता तो सीधा दिमाग मे कोढ़ लगाता है। आदमी कब नफरत का आदी हो जाता है, कब अपराधी होने मे गर्व तलाशने लगता है - पता भी नही लगता। खिलाड़ी एक खिलाड़ी होता है और देश का प्रतिनिधित्व करता है फिर क्यों एक विशेष जाति के नारे हावी हो जाते है। यहीं हम हार जाते है।

पता नहीं हम कब सुधरेंगे ?

आबादी के लिहाज़ से छोटे से मुल्क ऑस्ट्रेलिया की अकेली खिलाड़ी एम्मा मैकेन ने टोक्यो ओलंपिक-2021 में 4 गोल्ड व 3 ब्रॉन्ज़ मैडल जीते। ऑस्ट्रेलिया में उसे कोई पूछने तक नहीं आया,क्योंकि वहां के लोगों या सरकार के लिए या राज नेताओं के लिए यह उपलब्धि कोई खास मायने नहीं रखती। और दूसरी तरफ हम 140 करोड़ भारतीय सिर्फ एक मैडल पर ही पागल हुए जा रहे हैं । हमारे प्राइम मिनिस्टर, चीफ मिनिस्टर सहित तमाम छुटभैये नेता रोटियां सेंक रहे हैं । इस एक मैडल की आड़ लेकर जात धर्म के ठेकेदार ज़हरीले नाग बेखौफ़ फुंफकारते घूम रहे हैं।

ऐसा यूँ है कि इस देश में चढ़ते सूरज को नमस्कार किया जाता है। गरिमा, गौरव और प्रतिष्ठा के बिना ही यहाँ जीवन चलता रहता है। आज भी यहाँ चीन का सामान खरीदा जाता है। जो फिल्मी कलाकार तुर्की जाकर शूटिंग करते हैं उनका बहिष्कार तक करने की किसी की हिम्मत तक नहीं होती है। यहाँ विदेशी लुटेरों को पूजा जाता है। विदेशी आक्रांताओं के अधीन रहने से हमें तिल-तिल कर मरने की आदत पड़ गई है। इसीलिये सत्ता के विरुद्ध आवाज उठाना नहीं आता है। जो भी हो रहा है वो सब भगवान की मर्जी मान कर जीने की कला सीख ली है। शत्रुता या मारक भाव के अभाव के कारण पता ही नहीं चलता कि कौन हितैषी है और कौन विद्वेषी। विश्वसनीयता के नाम पर हम हमेशा देश हित से ऊपर जाति, वर्ग, धर्म, परिवार-कुटुम्ब, गाँव, प्रदेश, क्षेत्र, सम्प्रदाय, व्यवसाय और व्यक्तिगत लाभ को रखते हैं।

खिलाड़ी जीत कर आयें तो उन्हें करोडों मिलते हैं,लेकिन जो देश की रक्षा के लिए अपने परिवार की परवाह न करते हुऐ अपनी जान न्यौछावर कर दें उन्हें बस 1 मैडल..? मैं मैडल की तुलना पैसों से नहीं कर रहा हूँ, यह तो अनमोल है,लेकिन जो देश के लिए अपने घर वालों को छोड़कर चला गया उनकी फैमली बच्चे माता पिता की ज़िम्मेदारी किसकी..? सच तो ये है कि,आज पैसों से ही सब होता है। भावनाओं और सम्वेदनाओं से जीवन यापन नहीं किया जा सकता.. यह भी सत्य है कि दोनों चाहे खिलाड़ी हो या जवान देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। फिर उनके साथ ऐसा अन्याय क्यों..? सिस्टम को सोचने की ज़रूरत है। खिलाडियों को खिलाड़ी रहने दें। युद्ध के नायक न बनाए।

## दिल्ली के सन्त नगर बुराड़ी की दृष्टिबाधित छात्राओं की प्रतिभा देखकर दंग रह जाएंगे

नई दिल्ली ।एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड पर्सन्स संस्था के 12वे स्थापना दिवस के अवसर पर संस्था द्वारा दृष्टि बाधित छात्राओं के लिए संत नगर बुराड़ी में संचालित किए जाने वाले छात्रावास में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर छात्रावास की दृष्टि बाधित छात्राओं ने गायन,नृत्य व भाषण के द्वारा लोगो समय बांध कर रख दिया । इन छात्राओं की प्रतिभा देखकर अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है कि यह दृष्टिहीन है। संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार विजय शंकर चतुर्वेदी एवं करावल नगर कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने छात्राओं की प्रतिभा व संस्था द्वारा किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की । संस्था के स्थापना दिवस के अवसर पर सामरिक का विमोचन भी किया गया। सन्त नगर बुराड़ी की भगत कलोनी में संचालित संस्था विभिन आर्थिक परेशानियों से भी जूझ रही है । कार्यक्रम में सम्मलित समाज के कई गणमान्य व्यक्तियों ने संस्था की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है । संस्था के संचालक राजेन्द्र यादव स्वयं दिव्यांग हैं । वह दिव्यांगों की मुश्किलें बखूबी समझते हैं । इसी सोच के साथ उन्होंने इस संस्था की स्थापना 11 अगस्त 2024 को की थी । इस संस्था के छात्रावास में 25 से 30 छात्राएं रह रहीं हैं । संस्था इन छात्राओं को अपने पैरों पर खड़े होने की हर मुमकिन मदद कर रही है । समाज का यह एक ऐसा वर्ग जिसका जीवन जीने का संघर्ष सामान्य व्यक्ति से कई गुणा अधिक होता है .यही वजह है किं ईश्वर ने इन्हें कुछ दिव्य शक्तियों से नवाज़ा है, इसीलिए उन्हें दिव्यांग कहा जाता है .एक सामान्य व्यक्ति जो अपनी आँखों से नहीं देख सकता यह अपनी मन की आँखों से देख लेते है .संत नगर बुरारी के एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड पर्सन्स संस्था के 12वें स्थापना दिवस व भारत के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संस्था की दृष्टि बाधित छात्राओं की प्रतिभा को देखकर आप दंग रह जाएंगे। समाज को ऐसे ज़रूरतमंद लोगों की मदद के लिए हाथ बढ़ाना चाहिए।

# भारी भरकम बजट खर्च होने के बाद भी प्रदूषित हो रही गंगा-साध्वी गीतांजलि महापात्रा

हरिद्वार, संवाददाता। ट्राई फॉर हेल्प की अध्यक्ष साध्वी गीतांजलि महापात्रा ने प्रैस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि भारी भरकम बजट खर्च करने के बाद भी गंगा प्रदूषित हो रही है। प्रतिबंध के बावजूद हरकी पैड़ी पर खुलेआम प्लास्टिक और पॉलीथीन बेची जा रही है और प्रयोग की जा रही है। नगर निगम प्रशासन और सभी संस्थाएं इसे रोकने में विफ्ल साबित हो रही हैं। साध्वी गीतांजली महापात्रा ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में जिला प्रशासन सहित तमाम संबंधित विभागों को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है। जिला प्रशासन द्वारा उन्हें कांवड़ मेला समाप्त होने के बाद बैठक करने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन कांवड़ मेला संपन्न होने के बाद अब तक कोई प्रभावी कदम इस संबंध में नहीं उठाया गया है। गंगा की स्थिति को लेकर जनप्रतिनिधि भी उदासीन बने हुए है।

उन्होंने प्रधानमंत्री से अपनी देखरेख में जांच समिति का गठन कर गंगा की स्थिति और गंगा को साफ करने के लिए किए गए प्रयासों की जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि गंगा की स्थिति को लेकर वे जल्द ही सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल भी दाखिल करेंगे। 2015 से हरकी पैड़ी पर लोगों को गंगा स्वच्छता के प्रति जागरूक करने में जुटे सुभाषचंद्र ने कहा कि गंगा स्वच्छता के लिए काम कर रही तमाम संस्थाएं भी विफ्ल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि उनकी आयु 74 वर्ष हो चुकी है। उनका सपना है कि वे एक बार गंगा को पूरी तरह स्वच्छ, निर्मल और अविरल प्रवाहित होते हुए देखें।

## फर्जी कॉल सेन्टर से विदेशी नागरिकों को ठगने वाले दो गिरफ्तार

**देहरादून, इंडिया वार्ता ब्यूरो।** फर्जी कॉल सेन्टर संचालित कर विदेश नागरिकों को ठगने वाले दो लोगों को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर उपकरण बरामद कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। यहां वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने इस मामले में जानकारी देते हुए बताया कि पकड़े गए आरोपियों द्वारा स्वंय को माइक्रोसॉफ्ट एंव एप्पल जैसे प्रतिष्ठित कम्पनियों का अधिकारी बताकर कर वरिष्ठ यूएसए तथा कनाडा के नागरिको के सिस्टम में पॉप अप मैसेज भेज भेजकर पोर्न हर्ब आदि वैबसाइट होने की बात कहकर व उनके द्वारा चाइल्ड पोनोग्राफी देखे जाने तथा उनके बैक खातो में गडबडी सम्बन्धी बाते कहकर उनके सिस्टम के क्रप्ट होने का झांसा देकर मदद के नाम पर धोखाधडी से धनराशि प्राप्त करते थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ ने ये भी बताया की गोपनीय माध्यम से सूचना प्राप्त हुयी थी कि सहस्त्रधारा राजपुर रोड थाना क्षेत्रान्तर्गत माउण्ट व्यू कालोनी स्थित ब्ल्यूबैल्स स्कूल के बंगल कार्यालय एक निजी प्लैट में कुछ युवको द्वारा अवैध रुप से कॉल सेन्टर चलाकर यूएसए व कनाडा के नगारिकों को भ्रमित कर तथा पॉपकृअप मैसेज के माध्यम से उनके द्वारा पोर्न वीडियो देखे जाने व उनके बैक खातो में धोखाधडी की बात कहते हुये उनको डराकर धनराशि प्राप्त कर धोखाधडी का कार्य किया जा रहा है।

जिस पर एसएसपी एसटीएफ के निकट निर्देशन में एक पुलिस टीम का गठन किया गया उत्त पुलिस टीम द्वारा सहस्त्रधारा रोड स्थित छह अगस्त को उक्त फ्लैट पर छापामारी की गयी तो आरोपी मौके से फरार हो गये आरोपियों की जनपद स्तर पर तलाश के लिए गहन चैकिग अभियान चलाया गया जिस पर आरोपियों के शहर देहरादून से बाहर भागने की सूचना पर 02 आरोपियों को चैकी जोगीवाला बैरियर पर रोक लिया गया मौके पर तुरन्त साइबर टीम ने आरोपियों को गहन पूछताछ की गयी तो मौके पर मौजूद गौतम व तनिष्क ने बताया कि वह लोग अपने अन्य 3 साथियों के साथ मिलकर काफी समय से दून में ही कॉल सेन्टर संचालित कर रहे है हम लोग विदेशी कॉल को एक्सकृलाइट डायलर के माध्यम से विदेशी कॉलर को भ्रमित व डराते है इस क्रम में यूएसए व कनाडा के नागरिको को फर्जी पीओपीयूपी डलवाकर स्वंय को माइक्रोसॉफ्ट एंव एप्पल कम्पनी से बताकर उनको डराते है कि आपके द्वारा अपने सिस्टम में पोर्न साइट देखी गयी है जिस पर आपके विरुद्व कार्यवाही की जायेगी यह कार्यवाही से बचने के लिए उनसे धोखाधडी से धनराशि प्राप्त की जाती है। इस अपराध का कारित करने वाले व्यक्तियों ने कॉल सेन्टर का संचालन कर दिल्ली व हरियाणा में बैठे अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर धोखाधडी के अपराध को दिया जा रहा था अंजाम। मौके से पुलिस टीम को 3 लैपटॉप, 2 मोबाइल फोन, 2 वाई-फाई राऊटर व अन्य उपकरण बरामद हुए।

## तरुण विजय के 'सैनिक राखी' अभियान के अंतर्गत ढाई लाख राखियां सीमा पर तैनात सैनिकों तक भेजीं



**देहरादून ( संवाददाता )।** उत्तराखंड युद्ध स्मारक शौर्य स्थल के संस्थापक अध्यक्ष व पूर्व सांसद तरुण विजय द्वारा आठ वर्ष पूर्व 'वीर सैनिकों के लिए राखियां' अभियान जनरल बिपिन रावत के सहयोग से प्रारम्भ किया गया था जिसके अंतर्गत इस वर्ष ढाई लाख राखियां वायुसेना और थल सेना के सीमान्त पर तैनात सैनिकों के लिए भेजी गयीं हैं। उन्होंने वायु सेना अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल चैधरी से भेंट कर वायु वीरों के लिए शुभकामनाएं अर्पित कीं। वायु सेना की ओर से ग्रुप कैप्टेन परम जित सिंह लाम्बा और थल सेना की ओर से ले कर्नल विपिन त्रिपाठी ने राखियां स्वीकार कर उनको सियाचिन, जैसलमेर, तवांग, सिक्किम जैसे सीमान्त क्षेत्रों के क लिए विशेष विमानोपन द्वारा भेजा गया। तरुण विजय ने कहा कि उनका अभियान अब हजारों गाँवों और नगरों तक फैल गया है और हर स्थान से बहने, छोटे छात्र महीनों पहले राखियां बनाना शुरू कर देते हैं। जब सीमा पर तैनात जवानों को यह राखियां मिलती हैं तो उन तक देश के करोड़ों लोगों की शुभकामनाएँ उनका मनोबल बढ़ातीं हैं। इस कार्य में देहरादून के जनजातीय विद्यालय दून संस्कृति स्कूल और तमिलनाडु तक से भरनी विद्यालय करूर तथा इनके प्रधानाचार्य राम सुब्रमण्यम का बड़ा योगदान रहा है।

## जिलाधिकारी ने नशामुक्ति की शपथ दिलाई

**देहरादून,( सू.का )।** जिलाधिकारी सोनिका ने ऋषिपर्णा सभागार कलेक्टेऊट में उपस्थित अधिकारियों के साथ नशामुक्ति की शपथ दिलाई। स्कूलों में नर्सरी से ही बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी दी जाए ताकि उनके मन में नशे के दुष्प्रभाव के प्रति चेतना बनी रहे। उन्होंने नशा मुक्त भारत अभियान को प्रभावी एवं सक्रियता से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया जनपद में नशामुक्ति अभियान को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। विशेष स्कूलों एवं विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित करते हुए बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी देने तथा अपने आस-पास के लोगों को नशे की प्रवृत्ति से से दूर रखने हेतु जागरूक करने को प्रेरित किया जाए। उन्होंने पुलिस एंव शिक्षा विभाग को आपसी समन्वय करते हुए स्कूलों कालेजों में नशामुक्ति पर कार्यशाला, जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया शिक्षा विभाग के माध्यम से सभी स्कूलों को निर्देशित किया किया जाए कि वे कक्षा 1 से कक्षा 12 तक के बच्चों स्कूली अध्यापकों के माध्यम से ही नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी देते रहें ताकि जब बच्चे किशोर अवस्था में पंहुचे तो उनके मन में नशे के दुष्प्रभाव के प्रति चेतना बनी रहे। बैठक मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान अपर जिलाधिकारी प्रशासन जयभारत सिंह, अपर मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम बीर सिंह बुदियाल, नगर मजिस्टेऊट प्रत्युष सिंह, उप जिलाधिकारी सदर हरिगिरि, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी स्मृता परमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय जैन, निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक यातायात मुकेश कुमार, अधि.अभि लोनिवि, जितेन्द्र कुमार, अधि.अभि. सिंचाई दिनेश चन्द्र उनियाल, अधि.अभि. विद्युत गौरव सकलानी सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

# राज्य कैबिनेट की बैठक..

किए जाने के संबंध में कैबिनेट की मंजूरी मिली है। उत्तराखंड नगर निगम (स्थानों और पदों का आरक्षण एवं आवंटन) नियमावली 2024 और उत्तराखंड नगर पालिका (स्थानों और पदों का आरक्षण एवं आवंटन) नियमावली 2024 के प्रख्यापन के संबंध में कैबिनेट की मंजूरी दी गई है। नगर पालिका परिषद अल्मोड़ा को उच्चीकृत कर नगर निगम बनाए जाने के संबंध में कैबिनेट की मंजूरी, नगर पालिका परिषद पिथौरागढ़ को उच्चीकृत कर नगर निगम बनाए जाने के संबंध में कैबिनेट ने अपनी मोहर लगा दी है।


सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम नीति 2015 ( यथासंशोधित ) के अंतर्गत प्रदत्त वित्तीय प्रोत्साहनों की अनुमन्यता के लिए सीएएफ पर सैद्धांतिक स्वीकृति की तिथि के संबंध में छूट प्रदान किए जाने पर कैबिनेट की मंजूरी ने दी है।

मंत्री मंडल ने ग्राम्य विकास विभाग-उत्तराखंड ग्राम्य विकास एवं पंचायतीराज संस्थान के बोर्ड ऑफ गवर्नर की सूची में अपर मुख्य सचिव , प्रमुख सचिव, सचिव, ग्राम्य विकास एवं आयुक्त, ग्राम्य विकास को उत्तराखंड ग्राम विकास एवं पंचायतीराज संस्थान के बोर्ड ऑफ गवर्नेंस में सदस्य के रूप में शामिल किए जाने को मंजूरी दी है। उत्तराखंड खनन (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियमावली 2024 के नियम-14 के उपनियम(5) में संशोधन किए जाने के लिए एकमुश्त योजना (वन टाइम सेटलमेंट) योजना को पुन: लागू किए जाने के संबंध में मंजूरी प्रदान की गई है। उत्तराखंड भूतल एवं खनिकर्म खनिज पर्यवेक्षक सेवा नियमावली 2024 के प्रख्यापन को मंजूरी दी गई है। उत्तराखंड भूतत्व एवं खनिकर्म अधीनस्थ प्राविधिक सेवा नियमावली 2024 के प्रख्यापन को मंजूरी दी गई है। समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत देहरादून के रायवाला में 50 वृद्धजनों की क्षमता वाले नवनिर्मित वृद्ध एवं सशक्त आवास गृह के संचालन के लिए कुल 7 पदों के सृजन को मंजूरी दी गई है। इसके अतिरिक्त राज्य के प्रत्येक जनपद में वृद्ध एवं अशक्त आवास गृह के निर्माण को मंजूरी कैबिनेट ने दी है। उत्तराखंड प्रादेशिक आर्मड कांस्टेबुलरी अधीनस्थ अधिकारी सेवा(संशोधन) नियमावली 2024 के प्रख्यापन को मंजूरी दी गई है। उत्तराखंड बंदी की मृत्यु पर प्रतिकर व मुआवजा राशि के भुगतान की नीति (2024) को मंजूरी दी गई है, इसके अंतर्गत 2 लाख से 5 लाख तक की मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी। उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ की हड़ताल अवधि में वेतन का समायोजन संबंधित कार्मिकों के उपार्जित अवकाश किए जाने के संबंध में निर्णय लिया गया है। कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग के अंतर्गत सगंध पौधा केंद्र, सेलाकुई में फील्ड सहायक व मास्टर ट्रेनर के 9 अस्थाई पद सृजित करने को मंजूरी मिली है। कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग के अंतर्गत भगवानपुर मंडी को प्रधान मंडी बनाया जाएगा। शहरी विकास विभाग के अंतर्गत नगर पालिका परिषद रामनगर के सीमा विस्तार को मंजूरी दी गई है। शहरी विकास विभाग के अंतर्गत नगर पालिका परिषद कर्णप्रयाग से सेमीग्वाड़ क्षेत्र को पृथक किए जाने के संबंध में मंजूरी दी गई है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी सुधार एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी अनुभाग-2 के अंतर्गत संचालित स्वायत्तशासी संस्था, उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद में खाली पदों को अनफ्रीज कर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ किए जाने के संबंध में 6 पद फ्रीज को अनफ्रीज कर दिया गया है।

## ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने चलाया चेकिंग और सत्यापन अभियान

हरिद्वार, संवाददाता। स्वतंत्रता दिवस के दृष्टिगत ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में सघन चेकिंग और सत्यापन अभियान चलाया। इस दौरान अलग-अलग पुलिस टीमों ने सुभाष नगर, मोहल्ला तेलियान, मोहल्ला कडच्छ, अम्बेडकर नगर, मोहल्ला कोटरावान, लोधा मण्डी, सीतापुर, सराय, सुभाषनगर, नया गांव, जर्स कंट्री के आस पास डोर टू डोर अभियान चलाते हुए किराएदारों, घरेलू नौकरों एवं बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन किया। 280 से अधिक व्यक्तियों का सत्यापन करने के साथ पुलिस टीमों ने सत्यापन नहीं कराने वाले 18 मकान मालिकों का पुलिस एक्ट के अंतर्गत 10-10 हजार रूपए का कोर्ट चालान किया। कुल 1,80,000 हजार रूपए के चालान की रिपोर्ट न्यायालय को प्रेषित की जाएगी। अभियान के दौरान 32 संदिग्धों व्यक्तियों का 81 पुलिस एक्ट के अंतर्गत चालान कर 8,000 रूपए जुर्माना वूसल किया गया।

पुलिस टीम में रेल चौकी प्रभारी एसआई वीरेंद्र सिंह नेगी, बाजार चौकी प्रभारी एसआई आशीष नेगी, एसआई प्रदीप कुमार, एसआई केदार चौहान, एसआई सोनल रावत, एसआई ललित चुफाल, एएसआई गंभीर तोमर, एएसआई अनिल सैनी, कांस्टेबल रणवीर सिंह, दीपक चौहान, हेमंत पुरोहित, बृजमोहन, मनोज डोभाल, बृजमोहन, कैलाश रावत शामिल रहे।


उत्तराखण्ड शासन
सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएँ
मैं, भारत माता की स्वाधीनता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी अमर शहीदों, महान स्वतन्त्रता सेनानियों तथा स्वतन्त्र भारत की सुरक्षा एवं अखंडता में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सभी वीर सैनिकों को नमन् करता हूँ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में नए भारत के निर्माण में नए उत्तराखण्ड का योगदान अमूल्य है। आइए, स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर हम उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के विकल्प रहित संकल्प को लेकर राष्ट्रीय पर्व को धूमधाम से मनाएँ।
आओ, मिलकर फहराएँ
हर घर तिरंगा
21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री


जय हिन्द, जय उत्तराखण्ड

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

**15 अगस्त 2024**

## विकसित भारत - सशक्त उत्तराखण्ड

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2023 के दौरान राज्य सरकार के साथ कुल 3.5 लाख करोड़ रुपये के हुए निवेश समझौते। जिसमें 81 हजार करोड़ के समझौते की ग्राउण्डिंग।
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में श्री केदारनाथ धाम का हुआ भव्य एवं दिव्य पुनर्निर्माण कार्य। बद्रीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत विकास कार्य गतिमान।
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आदि कैलाश और जागेश्वर धाम के दर्शन के बाद मानसखंड यात्रा को मिली नई पहचान।
- चार धामों की कनेक्टिविटी के लिए ऑल वेदर रोड का हुआ निर्माण। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का निर्माण कार्य तथा टनकपुर-बागेश्वर रेललाइन सर्वे का कार्य गतिमान।
- नैनीताल जिले की बहुद्देशीय जमरानी बांध परियोजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत मिली मंजूरी।
- उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम की लखवाड परियोजना पर कार्य प्रारंभ।
- उत्तराखण्ड को दो वंदे भारत ट्रेन की मिली सौगात। देहरादून से दिल्ली एवं देहरादून से लखनऊ का सफर हुआ आसान।
- देहरादून-दिल्ली एक्सप्रेस वे (इकोनॉमिक कारिडोर) का निर्माण कार्य तेजी से जारी, 2 से 2.5 घंटे में सफर होगा पूरा।
- पर्वतीय क्षेत्रों में रोपवे नेटवर्क निर्माण के लिए पर्वत माला परियोजना को मिली मंजूरी। श्री केदारनाथ, हेमकुंड साहिब एवं पूर्णागिरी मंदिर रोपवे के निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास।
- उधमसिंहनगर के किच्छा क्षेत्र में एम्स के सैटेलाइट सेंटर का निर्माण कार्य गतिमान। वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत उत्तराखण्ड के सीमांत गाँवों का हो रहा चहुँमुखी विकास।
- जौलीग्रांट एयरपोर्ट एवं पंतनगर एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के रुप में विकसित करने हेतु कार्य गतिमान।
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दिया वेड-इन-उत्तराखण्ड का मंत्र। जिसके तहत राज्य सरकारनए वेडिंग डेस्टिनेशन कर रही विकसित।



**नीति आयोग, भारत सरकार की ओर से एसडीजी 2023-24 की रिपोर्ट जारी की गई है।**

**रिपोर्ट में उत्तराखण्ड ने सतत विकास लक्ष्यों की कसौटी पर खरा उतरते हुए पूरे देश में पहला स्थान हासिल किया है।**

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी।

www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

# डीएम ने 'हर घर तिरंगा' अभियान को लेकर दिए जरूरी दिशा-निर्देश



**देहरादून ( सू.का. )।** जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने ऋषिपर्णा सभागार कलेक्टेªट में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाए जाने के सम्बन्ध में बैठक लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, स्कूल, कालेज एवं संगठनों की भागीदारी कराने के निर्देश सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि तिरंगा यात्रा कार्यक्रम आयोजित कराते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्कूलों कालेजों एवं संगठनों की सहभागिता बनाने, तिरंगा संगीत कार्यक्रम देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों का प्रसारण, तिरंगा श्रद्धांजलि कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके परिवारों की उपस्थिति एवं भागीदारी सुनिश्चित करना। तिरंगा प्रतिज्ञा कार्यक्रम आयोजित करते हुए तिरंगा वेबासाइट पर उपलब्ध कराया जाएगा। मेरी माटी मेरादेश अभियान के तहत् बनाए गए शिलापटों के पास प्रतिज्ञा के कार्यक्रम आयोजित किये जा सकते है। तिरंगा कैनवास- हरघर तिरंगा कार्यक्रम स्थलों पर तिरंगा कैनवास लगाया जाएगा ताकि लोग स्थानीय लोग स्थानीय भाषा में हर घर तिरंगा या जय हिन्द लिख सकें। कैनवास राष्ट्रीय ध्वज के आकार 2:3 के समान हो सकता है, डिजाईन टैम्पलेट www. harghartiranga.com पर उपलब्ध होगा।

उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों एवं समस्त विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया 12 से 14 अगस्त 2024 तक ग्रामीण एवं नगर क्षेत्रों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्कूलों, कालेजों, संगठनों की सहभागिता ली जाए। उन्होंने नगर क्षेत्रों में नगर निगम , नगर पालिका परिषद तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायती राज विभाग को व्यापक सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में तथा सम्बन्धित विभागों को आपसी समन्वय से हरघर तिरंगा कार्यक्रम श्रृंखलाओं का सफल आयोजन के साथ जनमानस की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए अभियान को सफल बनाये जाने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान अपर जिलाधिकारी प्रशासन जयभारत सिंह, अपर मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम बीर सिंह बुदियाल, नगर मजिस्टेªट प्रत्युष सिंह, उप जिलाधिकारी सदर हरिगिरि, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी स्मृता परमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय जैन, निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक यातायात मुकेश कुमार, अधि.अभि लोनिवि, जितेन्द्र कुमार, अधि.अभि. सिंचाई दिनेश चन्द्र उनियाल, अधि.अभि. विद्युत गौरव सकलानी सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त नगर निगम, पुलिस अधीक्षक नगर प्रमोद कुमार, उप जिलाधिकारी डोईवाला अपर्णा ढौंडियाल, ऋषिकेश कुमकुम जोशी, विकासनगर विनोद कुमार सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

## शटरिंग खोलते समय शौचालय के गड्ढे में गिरने से दो मजदूरों की मौत, एक गंभीर रूप से घायल



**हरिद्वार ( संवाददाता )।** हरिद्वार जिले में बड़ा हादसा हो गया है, यहां निर्माणाधीन मकान की शटरिंग खोलने गए दो मजदूरों की शौचालय के गड्ढे में गिरने से मौत हो गई, जबकी तीसरा मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद मृतकों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

जानकारी के मुताबिक मामला रुड़की के पास मंगलौर कोतवाली क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि जौनपुर गांव में मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। सोमवार को रणसुरा गांव निवासी राशिद और उस्मान मकान के लिंटर की शटरिंग खोलने पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि जब वह शटरिंग खोलकर जाने लगे तो वहां पर मौजूद शौचालय के गड्ढे का स्लैप टूट गया और राशिद उसके अंदर जा गिरा, जिसके बाद राशिद को बचाने के लिए उस्मान और एक ग्रामीण भी गड्ढे में कूद गए, लेकिन गड्ढे में बनी गैस के कारण वह दोनों भी बेहोश हो गए। इस घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। वहीं घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीण भी गैस की चपेट में आने लगे। काफी प्रयास के बाद भी ग्रामीण राशिद और उस्मान को नहीं बचाया पाए, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

बताया गया है कि दोनों को बचाने के लिए गड्ढे में गया एक ग्रामीण भी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे मौके पर पहुंची पुलिस ने हॉस्पिटल में भर्ती कराया। इसी के साथ दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। एसपी देहात स्वप्न किशोर सिंह ने बताया कि शौचालय के गड्ढे में गिरने से दोनों लोगों की मौत हुई है। एक एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। तीनों को बचाने के लिए पुलिस कॉन्स्टेबल भी गड्ढे में उतरा था। राहत की बात ये है कि वो ठीक है, नहीं तो कॉन्स्टेबल की स्थिति भी खराब हो सकती थी।

## राज्य स्तरीय शूटिंग चैंपियनशिप में शूटर्स ने 8 गोल्ड, 7 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज मेडल जीते

**देहरादून ( संवाददाता )।** 22वें राज्य स्तरीय शूटिंग चैंपियनशिप में शूटर वर्ल्ड के शूटर्स ने 8 गोल्ड, 7 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं। 20 शूटर्स ने नॉर्थ जोन शूटिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया है। 7 साल के हितांश ने 200 में से 200 अंक लाकर गोल्ड मेडल जीता। 60 और 50 प्लस कैटेगरी में सुरेंद्र कौर और राधेश्याम सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल में व्यक्तिगत गोल्ड मेडल जीता। 10 एम एयर पिस्टल में व्यक्तिगत और टीम में मेडल विनर्स के नाम-अनाहिता, अनुभवी, अंशिका, सुमरिथ, प्रथम, देव, शौर्य, यशस्विनी, व्यक्तिगत और टीम में सिल्वर मेडल जीतने वाले के नाम-आराध्या, कशिश, अंकुर, लक्षित, काव्या,उन्नति,मनजीत, तेजस्विनी ब्रॉन्ज मेडल-मेहुल, कशिश,और अनिका एकेडमिक के 22 शूटर दिल्ली में होने वाले नॉर्थ स्टोन शूटिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। 10 मीटर एयर पिस्टल सर्जन यादव, अभय, सक्षम, मयंक, आराध्या, वैष्णवी, कशिश, अनाहिता, अंशिका, अंकुर, लक्षित, 10 मीटर एयर राइफल मेहुल, अक्षित कुमार, घनश्याम, आरव शर्मा, 50 मीटर पिस्टल काव्या, प्रथम, सुमरिथ, देव, शौर्य अकादमी के कोच अक्षय आनंद ने बताया कि यह प्रतियोगिता 5 अगस्त से 11 अगस्त के बीच जसपाल राना शूटिंग रेंज में आयोजित की गई थी जिसमें 1700 से अधिक उत्तराखंड के शूटर्स ने प्रतिभा किया था।

## आरजीसीआईआरसी ने हल्द्वानी में कैंसर के खिलाफ प्रयासों को किया मजबूत

**हल्द्वानी,( संवाददाता )।** कैंसर देखभाल एवं अनुसंधान में अग्रणी संस्थान राजीव गांधी कैंसर इंस्टिट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आरजीसीआईआरसी) ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), हल्द्वानी के साथ मिलकर एक सतत शिक्षा कार्यक्रम (सीएमई) का आयोजन कर देश पर कैंसर के बढ़ते भार का समाधान करने की पहल की है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कैंसर, खासकर सिर एवं गर्दन के कैंसर के प्रति जागरूकता में वृद्धि करना था, जिसके विश्व में सबसे ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं। विशेषज्ञों ने आशा की किरण जगाते हुए कहा कि दूसरी तरह कैंसरों की अपेक्षा सिर एवं गर्दन के कैंसर की जीवनशैली में बदलाव कर रोकथाम की जा सकती है। डॉ. मुदित अग्रवाल, यूनिट हैड एवं सीनियर कंसलटेंट ऑफ हैड एंड नेक ऑन्कोलॉजी, आरजीसीआईआरसी ने कहा कि सिर एवं गर्दन के कैंसर के मरीज अक्सर निगलने और बोलने-चालने सहित चेहरे और गर्दन की दिखावट से संबंधित कई तरह की चुनौतियों का सामना करते हैं। लेकिन जबड़ा पुनर्निर्माण सर्जरी (जौ रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी), कंप्यूटर की सहायता से 3डी डिजाइनिंग टेक्नोलॉजी और चेहरे की पुनर्सजीवता तकनीक (फेसियल रिएनिमेशन टेक्निक) जैसे मेडिकल एडवांसमेंट ने मरीज के जीवन को काफी बेहतर बना दिया है।

## आजादी के संघर्ष में मसूरी के योगदान पर चर्चा को जुटे लोग

**देहरादून ( संवाददाता )।** मसूरी हेरिटेज सेंटर की ओर से तिलक लाइब्रेरी में सोमवार को भारत की आजादी के संघर्ष में मसूरी के योगदान पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने भारत की आजादी के दौरान मसूरी के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं इस बात को भी स्वीकार किया गया कि मसूरी के विकास में जो योगदान ब्रिटिश काल के दौरान किया गया, वह आजाद भारत के इतिहास में नहीं हो पाया। गोष्ठी में मुख्य वक्ता इतिहासकार व वरिष्ठ पत्रकार जयप्रकाश उत्तराखंडी ने आजादी के आंदोलन में मसूरी के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला व कहा कि उस दौरान मसूरी के तत्कालीन समाज सेवियों ने आजादी के आंदोलन में अहम भूमिका निभाई। तब मसूरी में अधिकतर ब्रिटिश अधिकारी व महाराजा रहते थे लेकिन आजादी के आंदोलन में मसूरी की कई हस्तियों ने योगदान दिया। इस मौके पर कई विषयों पर चर्चा की गई वहीं देश की आजादी के बाद जब भारत का विभाजन हुआ व पाकिस्तान बना तो मसूरी भी इससे प्रभावित हुई। जब देश में आजादी का आंदोलन तेज होता था तो अंग्रेज अधिकारी मसूरी आकर रहते थे क्योंकि मसूरी सबसे सुरक्षित स्थान था। गोष्ठी में तत्कालीन मसूरी के समाजसेवियों के द्वारा किए गये कार्यो को भी याद किया गया। जिसमें अवगत कराया गया कि गांधी जी ने जब छुआछूत का विरोध किया तो मसूरी में प. मदनमोहन मालवीय ने यहां आकर मंदिर में दलितों का प्रवेश करवाया था। लेकिन साथ ही इस बात को याद किया गया कि मसूरी एक ऐतिहासिक शहर है जिसको आज लोग भूलते जा रहे हैं। ब्रिटिश काल में मसूरी का विकास बहुत अधिक तेजी से किया गया क्यो कि मसूरी अग्रेंजों की पसंदीदा जगह थी। उनके विकास का उपयोग आज भी मसूरी वासी कर रहे हैं। जबकि आजादी के बाद मसूरी का विकास इतना नहीं हो पाया। आजादी के आंदोलन में जब महात्मा गांधी यहा आते थे तो मसूरी में ही बैठके करके आंदोलन की रणनीति बनायी जाती थी। जिसमें मोती लाल नेहरू, प. गोविंद बल्लभ पंत, सरदार बल्लभ भाई पटेल, जवाहर लाल नेहरू, आचार्य कृपलानी, सरदार बलदेव सिंह, सहित तमाम बडे नेता यहां बैठक में मौजूद रहते थे। तब गांधी के बाद दूसरे बडे नेता अब्बास तैयब भी मसूरी में आते थे जिनके नाम से नारा देश में चलता था कि खरा रूप्पैया चादी का राज तैयब गांधी का। ऐसी अनेक हस्तियों ने मसूरी में रह कर देश की आजादी में योगदान दिया। उस समय मसूरी में सांस्कृतिक, गतिविधियो सहित बडे खेलों आयोजन भी किया जाता था। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक सुरभि अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, बिजेंद्र पुंडीर, शूरवीर भंडारी, राखी, रजत अग्रवाल, जोगेंदर सिंह कुकरेजा आदि मौजूद रहे।

# शेल्टर फण्ड से गरीबों के लिए आशियाने बनाएगा प्राधिकरण

**देहरादून ( संवाददाता )।** मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण की 109वीं बोर्ड बैठक का आयोजन मंगलवार को गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर बोर्ड बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इससे पूर्व प्राधिकरण उपाध्यक्ष वंशीधर तिवारी द्वारा आयुक्त को बुके प्रदान कर उनका स्वागत किया गया। प्राधिकरण सभागार में आयोजित बोर्ड बैठक में निर्णय लिया गया कि इकनोमिक वीकर सेक्शन (मू) के लोगों के लिए शेल्टर फण्ड बनाने सम्बंधित जीओ को प्राधिकरण द्वारा




अंगीकृत कर लिया गया है। अब शेल्टर फण्ड में बिल्डर्स द्वारा जो धनराशि जमा कराई जाएगी, उससे गरीब वर्ग के लिए प्राधिकरण प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सस्ते घर बना सकेगा। बोर्ड ने देहरादून तहसील परिसर एवं ऋषिकेश में पार्किंग निर्माण को स्वीकृति प्रदान की है। इनके निर्माण से दोनों स्थानों पर पार्किंग की समस्या काफी हद तक दूर हो सकेगी। इसके अतिरिक्त बोर्ड बैठक में आमवाला तरला में निर्माणाधीन आवासीय परियोजना के संशोधित बजट प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। गौरतलब है कि इस योजना की कुल लागत 102 करोड़ रुपये है। जल्द प्राधिकरण द्वारा हुडको से इसके लिए 50 करोड़ का ऋण लिया जाएगा। विकासनगर, ढकरानी एवं शाहपुर कल्याणपुर में लैंड बैंक बनाने के प्रस्ताव का भी बोर्ड द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। जोनिंग से संबंधित कुल 66 प्रकरण भी बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किये गए जिसमें होटल, हॉस्टल, स्कूल आदि के प्रकरण शामिल थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि दून विश्वविद्यालय में एमएससी अर्बन प्लानिंग एंड मैनेजमेंट का कोर्स संचालित किया जायेगा, जिसके आधारभूत सुविधाओं को विकसित करने के लिए प्राधिकरण दो करोड़ रुपये दून यूनिवर्सिटी को प्रदान करेगा। अभी तक सेप्ट(बमचज) नाम का कोर्स छात्र अहमदाबाद से करते थे, जो कि अब देहरादून से भी हो सकेगा। बैठक में बोर्ड के शासन, जिला प्रशासन, नगर निगम के सदस्य, वरिष्ठ ग्राम एवं नगर नियोजक, प्राधिकरण के मुख्य वित्त नियंत्रक आदि उपस्थित रहे।

# उत्तराखण्ड के 6 खिलाड़ी राष्ट्रीय आइस स्केटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये गुरूग्राम रवाना

**देहरादून ( संवाददाता )।** आईस स्केटिंग एसोसिएसन ऑफ इण्डिया के तत्वावधान में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय आईस स्केटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये उत्तराखण्ड के छः (6) खिलाड़ी गुरूग्राम के लिये रवाना। दिनांक 14 से 17 अगस्त तक आयोजित होने वाली 19 वीं राष्ट्रीय आईस स्केटिंग प्रतियोगिता में महिला व पुरूषों के विभिन्न वर्गों में भाग लेने के लिये आईस स्केटिंग एसोसिएसन ऑफ उत्तराखण्ड की ओर से तीन पुरूष खिलाड़ी सर्वश्री आयुष जगुडी, अमिताभ सिंह, यशस्वी सिंह व तीन महिला खिलाड़ी कु0 तनिष्का सिंह, अर्पूवा सिंह और हर्षिता रावतानी को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये रवाना किया गया। बतला दें कि आईस स्केटिंग की स्प्रधाओं में फिंगर स्केटिंग और स्पीड स्केटिंग की विभिन्न आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं में देश भर के खिलाड़ी अपना हुनर दिखलायेंगे। देश में राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सुधार की दृष्टि से इस वर्ष प्रतियोगिता से पूर्व देश के विभिन्न प्रान्तों से भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को देश की एकमात्र फिंगर स्केटिंग की महिला राष्ट्रीय जज (निर्णायक) अन्तराष्ट्रीय स्केटर एवं प्रशिक्षक निष्ठा पैन्यूली के साथ अन्तराष्ट्रीय स्तर की प्रशिक्षक इशिता कपूर और नैताली पोल्सग्राफ द्वारा अन्तराष्ट्रीय स्केटिंग यूनियन द्वारा प्रतियोगिता के लिये निर्धारित नियमों की बारिकियों से परिचित कराया जायेगा।

वर्ष 2024 की इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में फिंगर स्केटिंग के लिये ओपन और आई0एस0यू0 जूनियर, सिनियर केटेगरी की प्रतियोगिताओं को जज (निर्णय) करने के लिये आई0एस0यू0 मान्यता प्राप्त निर्णायक मंडल के साथ उत्तराखण्ड की निष्ठा पैन्यूली भी खिलाड़ियों के तकनीकी स्तर को जांचेगी। 19 वी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में फिगर स्केटिंग की ओपन केटेगरी में प्री जुवेनाइल, जुवेनाइल और प्री नोविश महिला और पुरूष भाग लेंगे। वही आई0एस0यू0 कैटेगरी में बेसिक नोविश, इंटरमीडिएट नोविश, जूनियर और सिनियर महिला व पुरूष अपना पदक पक्का करेंगे। स्पीड स्केटिंग में मात्र शार्ट ट्रेक प्रतियोगिता में महिला और पुरुष अपने आयु वर्ग में खेलकर मेडल हासिल करने की कोशिश करेंगे। उत्तराखण्ड के खिलाड़ियों को शुभकामनायें देते हुये आईस स्केटिंग एसोसिएसन ऑफ उत्तराखण्ड के अध्यक्ष शिव पैन्यूली ने उम्मीद जताई कि राज्य के खिलाड़ी पिछले वर्षा की भांति भी 2024 की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी राज्य में आईस स्केटिंग के खेल मैदान के बगैर ही मैदान मारकर राज्य का नाम जरूर रोशन करेंगे। उन्होंने देश में आईस स्केटिंग के स्तर को ऊपर उठाने के प्रयासों के लिये आईस स्केटिग एसोसिएसन ऑफ इण्डिया के अध्यक्ष अभिताभ शर्मा की प्रशंसा कर कहा कि वर्तमान समय में राज्य में खेल प्रेमी व युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, खेलों के विकास को तत्पर खेल मंत्री रेखा आर्य और खेल विशेषज्ञ खिलाड़ी विशेष प्रमुख सचिव, खेल एवं युवा कल्याण अमित सिन्हा की कोशिशों से निश्चय ही राज्य और देश के आईस स्केटिंग खिलाड़ियों को महाराणा प्रताप खेल परिसर में स्थित अपना आईस स्केटिंग रिंक जरूर मिल जायेगा जहां खिलाड़ी अपना हुनर निखार कर राष्ट्रीय और अन्तराष्ट्रीय स्तर पर देश और राज्य का नाम रोशन कर सकेंगे।

## कोटद्वार में नये केंद्रीय विद्यालय की स्थापना को 1 एकड़ भूमि प्रदान करने पर कोटद्वार विधायक ने जताया आभार

**कोटद्वार ( संवाददाता )।** कोटद्वार में नये केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए प्रस्तावित भूमि को निःशुल्क उपलब्ध कराने हेतु आज कैबिनेट में पारित अहम निर्णय पर कोटद्वार विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने सांसद अनिल बलूनी और शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत का भी धन्यवाद किया। विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने अपने संदेश में कहा, मैं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत को इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए धन्यवाद देती हूँ। साथ ही केंद्रीय विद्यालय के लिए लगातार मेरे साथ प्रयासरत रहे गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी का भी आभार व्यक्त करती हूँ। कोटद्वार की जनता बहुत लंबे समय से केंद्रीय विद्यालय की माँग कर रही है। वर्ष 2022 में अपने चुनाव के दौरान मैंने कोटद्वार की जनता से यह वादा किया था कि यहाँ केंद्रीय विद्यालय मैं बनाऊँगी। आज हम इस ऐतिहासिक निर्णय के बाद इस दिशा में एक कदम और आगे बढ़ गये हैं। अब जल्द हीं यहाँ केंद्रीय विद्यालय शुरू होगा।उन्होंने यह भी कहा की हमारे क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय के स्थापना से हमारे बच्चों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा मिलेगी। इस निर्णय से कोटद्वार में शिक्षा के विकास की गति तेज होगी और कोटद्वार के बच्चे-बच्चियों को उच्च कोटि कि शिक्षा प्राप्त होगी। ऋतु खण्डूडी भूषण ने केंद्रीय विद्यालय के लिए प्रयासरत सभी संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का भी धन्यवाद किया।

# बांग्लादेश सरकार हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करे-श्रीमहंत रविंद्रपुरी

हरिद्वार, संवाददाता। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर बांग्लादेश सरकार ने माफी मांगी है। यह अच्छी पहल है। उनके द्वारा यह भी स्वीकार किया गया कि सुरक्षा देने में चूक हुई है। उन्होंने कहा कि गृह मामले के सलाहकार हुसैन ने भी अपने बयान में हिंदुओं को अपना भाई बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर अब गंभीर दिखाई पड़ रही है। श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि यह हिंदुओं की सुरक्षा में बांग्लादेश सरकार की अच्छी पहल नजर आ रही है। श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि हिंदुओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी बांग्लादेश सरकार की बनती है। हिंदुओं पर अत्याचार किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। सरकार को हिंदुओं पर अत्याचार करने वालों पर कठोर कार्रवाई को भी अमल में लाना चाहिए। जिससे हिंदू सुरक्षित हो सकें। श्रीमहंत रविंद्रपुरी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी बांग्लादेश सरकार पर भरपूर दबाव बनाने की बात कही। भारत देश शांतिप्रिय देश है। हमारे देश में अन्य धर्म के लोग भी स्वतंत्र रूप से रह रहे हैं। भारत वसुधैव कुटुंबकम का संदेश देश दुनिया को देता चला आ रहा है। उन्होंने बांग्लादेश सरकार से मांग की कि अब हिंदुओं के प्रति किसी भी प्रकार की हिंसा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत और बांग्लादेश के संबंध पूर्व से ही मधुर चले आ रहे हैं। हम यह चाहते हैं कि इन संबंधों में किसी भी प्रकार की खटास नहीं आनी चाहिए। श्री पंचायती अखाड़ा निरंजनी के सचिव श्रीमहंत रामरतन गिरी, जूना अखाड़े के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहंत प्रेमगिरी, महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी, महंत दर्शन भारती, महंत महेश पुरी, महंत महाकाल गिरी ने भी बांग्लादेश सरकार की पहल का स्वागत किया।

# नशामुक्ति को प्रभावी पहल की जरूरत

**ऋषिकेश ( संवाददाता )।** स्वास्थ्य विभाग ने बालाजी सेवा संस्थान के सहयोग से मंगलवार को नशा मुक्ति को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें नगर निगम और स्वास्थ्य शिक्षण संस्थानों से विशेषज्ञ भी जुटे। नशे की रोकथाम को लेकर कार्यशाला में चर्चा की गई। नियंत्रण के लिए नगर निगम की भूमिका भी प्रकाश डाला गया। मंगलवार को नगर निगम सभागार में आयोजित कार्यशाला में एसीएमओ डॉ। निधि रावत शामिल हुई। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान रोकने के लिए कोटपा कानून है, जिसमें सरकार ने जुर्माने का प्रावधान किया है। पुलिस इस तरह के मामलों में चालानी कार्रवाई जरूरत करती है, लेकिन नगर निगम को भी अर्थदंड का अधिकार कानून में दिया गया है। डॉ। निधि ने शिक्षण संस्थानों के आसपास के तंबाकू की दुकानों पर अंकुश लगाने पर भी जोर दिया। उन्होंने देश को नशामुक्ति को ओर अग्रसर करने के लिए स्थानीय स्तर से प्रभावी पहल की आवश्यक बताई।

बालाजी सेवा संस्थान की राज्य परियोजना प्रबंधक ममता थापा ने मुहिम से अवगत कराते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से इस तरह की कार्यशाला और जनजागरूकता कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जा रहे हैं, मगर पुलिस के अलावा शहरी क्षेत्र में नगर निकायों के सहभागिता से इस अभियान का सफल होना संभव नहीं है, जिसके चलते सभी महकमों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को समझते हुए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। कार्यशाला में एम्स, सीमा डेंटर कॉलेज, हिमालयन इंस्टीट्यूट आदि से प्रतिनिधि पहुंचे। मौके पर नगर आयुक्त शैलेंद्र सिंह नेगी, सहायक नगर आयुक्त चंद्रकांत भट्ट, डॉ। राना जय सिंह, अवधेश कुमार, डॉ। जोत्यना, डॉ। प्रदीप अग्रवाल, डॉ। शैली व्यास आदि मौजूद रहे।

# आधार कार्ड व गहने पुल पर छोड़ महिला ने गंगा में कूदी, पुलिस तलाश में जुटी

**हरिद्वार ( संवाददाता )।** उत्तराखंड के हरिद्वार जिले से सुसाइड का मामला सामने आया है। यहां एक महिला ने गंगा में आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने से पहले महिला ने अपना आधार कार्ड और अन्य जरूरी सामान पॉलिथीन में बांधकर घाट की रेलिंग पर टांग दी थी। मौके पर मौजूद लोगों ने महिला को गंगा में गिरते हुए देखकर पुलिस को मामले की सूचना की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। साथ ही रेलिंग पर टंगी पॉलिथीन में महिला का आधार मिला है। जिसके आधार पर उसकी पहचान बीना देवी निवासी पौड़ी गढ़वाल उत्तराखंड के रूप में हुई है।

पुलिस बीना देवी के परिजनों से संपर्क करने का प्रयास कर रही है। पुलिस को पॉलिथीन में से महिला के आधार कार्ड के अलावा दो अंगूठी और कीपैड वाला मोबाइल फोन भी मिला है। हरिद्वार शहर कोतवाली के एसएसआई सतेंद्र बुटोला ने बताया कि आधार कार्ड में महिला का नाम बीना देवी पत्नी बालकृष्ण निवासी नौडी नेदी पौड़ी गढ़वाल लिखा हुआ है। महिला ने इस तरह का कदम क्यों उठाया इसका बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस के एक टीम गंगा में महिला का तलाश कर रही है। बता दें कि दो दिन पहले ही हरिद्वार हरकी पैड़ी के पास यूपी के सहारनपुर जिले के दंपति ने सुसाइड कर लिया था। जिसमें पति को लाश तो पुलिस को मिल गई थी, लेकिन महिला का अभीतक कुछ पता नहीं चल पाया था।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया तुलसी चौक का शुद्धिकरण

हरिद्वार, संवाददाता। भाजपा सप्तऋषि मंडल के कार्यकर्ताओं ने तुलसी चौक पर धूपबत्ती जलाकर और मंत्रोचारण कर शुद्धिकरण किया और मां गंगा से कांग्रेस को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की। गौरतलब है कि कांग्रेस कॉरिडोर के विरोध में जिन-जिन स्थानों से जन जागरण यात्रा निकाल रही है। भाजपा के कार्यकर्ता उनका शुद्धिकरण कर रहे हैं। तुलसी चौक के शुद्धिकरण के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष और विकास तिवारी ने कहा की कांग्रेस की यात्रा में एक दर्जन लोग भी एकत्र नहीं हो पा रहे हैं। कॉरिडोर पर नगर विधायक और मुख्यमंत्री महोदय द्वारा स्थिति स्पष्ट करने के बाद भी कांग्रेस और उसके नेता खिसियाए हुए हैं और राजनीतिक रूप से हरिद्वार नगर निगम चुनाव में स्वयं को स्थापित करने के लिए कोई मुद्दा ढूंढ रहे हैं। वर्तमान में कॉरिडोर कोई मुद्दा नहीं रह गया है और हरिद्वार के व्यापारी और आम जनता को कांग्रेस की असलियत समझ में आ गई है। मंडल अध्यक्ष तरुण नैय्यर ने कहा कि कांग्रेस के नेता झूठ बोलकर हरिद्वार में भ्रामक प्रचार कर रहे हैं और जिस कॉरिडोर की अभी तक जिला प्रशासन या प्रदेश सरकार द्वारा कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। कोई सीमांकन नहीं किया गया, कोई नक्शा जारी नहीं किया गया, तो कांग्रेस किस आधार पर हरिद्वार की जनता को भ्रमित कर रही है।

मुख्यमंत्री और नगर विधायक ने स्पष्ट कहा है कि हरिद्वार की सभी व्यापारिक संस्थाओं, धार्मिक संस्थाओं और स्टेकहोल्डरों से बातचीत के बाद ही कॉरिडोर संबंधी कोई निर्णय लिया जाएगा और किसी प्रकार की तोड़फ़ेड़ नहीं की जाएगी। इस दौरान तरुण नैयर, चंद्रशेखर कुर्ल, दीपक शर्मा, भोला शर्मा, अमित गर्ग, पूनम मखीजा, अंजू वधबार, वीना सिंह, निशा अग्रवाल, संदीप सब्बरवाल, राजेश सती, मोहित मल्होत्रा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 'हर घर तिरंगा' अभियान के अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर तिरंगा यात्रा आयोजित की जा रही

**देहरादून (संवाददाता)।** जिलाधिकारी सोनिका द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के क्रम में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के अन्तर्गत हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, स्कूल, कालेज एवं संगठनों की भागीदारी कराने के निर्देश सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को दिए। तिरंगा यात्रा कार्यक्रम आयोजित कराते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्कूलों कालेजों एवं संगठनों की सहभागिता बनाने, तिरंगा संगीत कार्यक्रम देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों का प्रसारण, तिरंगा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। मेरी माटी मेरादेश अभियान के तहत् बनाए गए शिलापटों के पास प्रतिज्ञा के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहा है। वहीं विभिन्न स्थानों पर तिरंगा यात्रा आयोजित की जा रही है। आज जनपद के विभिन्न स्थानों पर स्कूली बच्चों ने तिरंगा यात्रा निकालते हुए। तिरंगा प्रतिज्ञा कार्यक्रम में हिस्सा लिया तथा स्थानीय भाषा में प्रतिज्ञा लेते हुए जनमानस को भी प्रतिज्ञा दिलाई गई। कार्यक्रम के अन्तर्गत 12 से 14 अगस्त 2024 तक वृहद्धस्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छता कार्यक्रम के तहत आज नगर निगम देहरादून, ऋषिकेश, नगर पालिका परिषद, नगर निकाय क्षेत्रों में जिला पंचातीयीराज विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में वृहद्धस्तर पर सफाई अभियान चलाया गया।

## उत्तराखंड शासन ने केदारनाथ आपदा कार्यों के लिए बीकेटीसी व जिला प्रशासन की प्रशंसा की

**देहरादून (संवाददाता)।** उत्तराखंड शासन ने विगत दिनों केदारनाथ धाम में तीर्थयात्रियों के अतिवृष्टि रैस्क्यू कार्य के सफल समापन के लिए श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति, जिला प्रशासन सहित भारतीय वायुसेना, विंग कमांडर शैलेश कुमार एवं एनडीआरएफ,एसडीआरएफ टीम को उनकी बहुमूल्य सेवाओं और बचाव अभियान के लिए आभार जताया हैं। साथ ही जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग सौरभ गहरवार सहित एसपी विशाखा अशोक भदाणे, केदारनाथ विकास प्राधिकरण अपर मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह सहित आपदा के दौरान कार्य करने वाले सभी विभागों के अथक योगदान की प्रशंसा की है।

शासन की ओर से जारी संदेश में आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने कहा कि यह हमारे लिए बहुत कठिन समय था, लेकिन आनंद स्वरूप और राज कुमार नेगी एसीईओ, यूएसडीएमए और टीम आपदा प्रबंधन सहित , जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग सौरभ गहरवार और उनकी टीम, एसपी विशाखा अशोक भदाणे और उनकी टीम, विंग कमांडर शैलेश कुमार और उनकी टीम केडीए अपर मुख्य कार्याधिकारीध् तत्कालीन समय बीकेटीसी पूर्व मुख्य कार्याधिकारी रह चुके योगेन्द्र सिंह और बीकेटीसी टीम एवं एसडीएम आशीष शुक्ला और अन्य एनडीआरएफ, एसडीआरएफ सहित सभी संबंधित विभागों के समन्वय से केदारनाथ धाम में रैस्क्यू ऑपरेशन को सफलतापूर्वक पूरा किया जा सका है। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि सचिव आपदा प्रबंधन ने श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति सहित सभी संबंधित विभागों के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को केदारनाथ अतिवृष्टि रैस्क्यू कार्यो में योगदान हेतु आभार जताया है।

# प्रकृति के गीत गाकर महिलाओं ने किया चंदन के पौधों का रोपण

**-कोट के सिंगलास देवता मिश्रित वन में रोपे गए धार्मिक पौधे**
**-बाबा केदारनाथ दास सेवा मंडल की टीम के साथ महिलाओं ने लिया कार्यक्रम में भाग**
**-सिंगलवास वन में किए जा रहे जल संरक्षण मॉडल की प्रशंसा**

**रुद्रप्रयाग (संवाददाता)।** रानीगढ़ पट्टी की ग्राम सभा कोट के सिंगलास देवता मिश्रित वन में बाबा केदारनाथ दास सेवा मंडल अगस्त्यमुनि के 15 सदस्यीय टीम ने महिलाओं के साथ मिलकर धार्मिक पौधों का रोपण किया, जिसमें रुद्राक्ष, सफेद व लाल चंदन, ढाक, कनक व चंपा आदि पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंड जल विद्युत निगम के प्रबंध निदेशक कृष्णा बिष्ट ने सिंगलास देवता वन में महिलाओं की ओर से किये जा रहे जल संरक्षण मॉडल की सराहना की तथा सिंगलास देवता मिश्रित वन का अवलोकन किया। केदारनाथ सेवा मंडल के अध्यक्ष हिमालयी बाबा चन्द्र सिंह नेगी ने महिलाओं को दस देवदार के वृक्ष भेंट किए तथा महिलाओं का सम्मान भी किया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम प्रधान सुमन देवी ने बताया कि महिलाएं विगत दो माह से जल संरक्षणा का कार्य कर रही हैं, जिसमें लगातार उनको सफलता प्राप्त हो रही है। जल संरक्षण के साथ पौधों का रोपण भी किया जा रहा है, जो उनकी ग्राम सभा के लिए गर्व की बात है। पर्यावरण विशेषज्ञ देवराघवेन्द्र बदी ने दास सेवा मंडल से आये सभी सदस्यों को जल संरक्षण के लिए बनी चाल-खाल, खंतियों के मॉडल का अवलोकन कराया और इसके प्रयोग की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जल संरक्षण की यह पारंपरिक विधि है, जिसके प्रयोग से हम अपने जल स्रोतों को पुनर्जीवन दे सकते हैं।

कार्यक्रम में नमामि गंगे के नोडल अधिकारी प्रो विक्रम वीर भारती ने महिलाओं के साथ वृक्षारोपण किया तथा महिलाओं के जल संरक्षण कार्य को नयी पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया। उन्होंने बताया कि समय-समय पर उनके महाविद्यालय रुद्रप्रयाग के छात्र-छात्राएं महिलाओं के जल एवं मिश्रित वन मॉडल से प्रक्षिणण ले रहे हैं तथा अपने-अपने गांव में यह प्रयोग शुरू कर रहे हैं।

सामाजिक कार्यकर्ता जयकृत सिंह नेगी ने सभी अतिथियों का शॉल भेंट कर सम्मानित किया तथा मनरेगा विभाग का धन्यवाद अर्पित किया। जिनके कारण महिलाएं रोजगार से जुड़कर पर्यावरण संरक्षण कर रही है। कार्यक्रम में हिमाचल से आये शिक्षक गुजन शर्मा तथा रणदीप शर्मा ने महिलाओं के साथ वृक्षारोपण किया तथा महिलाओं के कार्यो की सराहना की। इस अवसर पर सभी महिलाओं ने प्रकृति के गीत गाकर चंदन के पौधों का रोपण किया।

ग्राम पंचायत सरपंच मीनू देनी तथा ममता देवी ने केदारनाथ दास सेवा मंडल के सभी सदस्यों का धन्यवाद किया। इस मौके पर ग्राम पंचायत सरपंच मीनू देवी, अनीता देवी, शकुम्बरी देवी, बीना देवी, रितिका, नेहा, लक्ष्मी, गुड्डी देवी, शकुंतला देवी, आयुष मौजूद थे।

# बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ अन्याय को लेकर व्यापारियों का हल्ला बोल

**देहरादून (संवाददाता)।** व्यापारी संगठनों ने प्रेस क्लब देहरादून में एक प्रेस वार्ता कर बांग्लादेश में हिंदुओं के प्रति घोर अन्याय एवम् संगीन अपराध पर अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। व्यापारी इस प्रकार के कुकृत्य एवं जघन्य अपराध जो की हिंदू समुदाय के प्रति हो रहें उन अपराधों का घोर विरोध करते हैं, इसकी जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। हम बांग्लादेश की नई सरकार से मांग करते है की वह अविलंब हिंदू महिलाओं को, लड़कियों को बलात्कारियों से बचाएं एवं समस्त हिंदुओं की जान और माल को अविलंब सुरक्षा देना सुनिश्चित करे। बांग्लादेश सरकार अन्याइयों को,बलात्कारियों को, दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश जारी करें। बांग्लादेश की सरकारी मशीनरी के कर्मचारी जो दंगाइयों का साथ दे रहे हैं उन्हे तत्काल प्रभाव से पद से बर्खास्त करे और उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करें इस प्रेस वार्ता के माध्यम से भारत सरकार से आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास करते है कि वह प्रभावी कदम उठाएगी, और बांग्लादेश में रह रहे हमारे हिंदुओं परिवार जो की अत्यंत डर एवम् भय के वातावरण में एक एक पल गुजार रहे हैं उन्हें तत्काल कोई ना कोई ऐसा कदम उठाकर इस तिरस्कार एवं डर से बाहर निकलने का कदम उठाएगी। बांग्लादेश में जो हाल है ना जाने किस वक्त किसके साथ क्या हो जाय। इस बात को सोच कर भी हम लोग जो बांग्लादेश से इतनी दूर बैठे हैं उन सभी के शरीर में सिहरन हो जाती है, तो वह जो लोग प्रत्यक्ष इस जघन्य अपराधिक त्रासदी को झेल रहे हैं उन पर क्या बीत रही होगी। भारत सरकार से निवेदन है कि बंगलादेश की सैन्य समर्थित सरकार को स्तिथि ठीक करने की चेतावनी देवें, और उसके बाद भी अगर वहां की सरकार स्तिथि नही संभालती है तो अपने देशवासियों को बचाने के लिए भारत सरकार द्वारा कोई ठोस कदम उठाना अपेक्षित है। समाज के सभी सदस्यों से आग्रह है कि 12 अगस्त सोमवार को सभी शांति पूर्ण प्रदर्शन में भाग लेकर बांग्लादेश के हिंदुओं के प्रति संवेदना व्यक्त करें, और वहां हो रहे जघन्य अत्याचारों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करें।

## गोस्वामी तुलसीदास जी की 527वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**देहरादून (संवाददाता)।** धर्मनिष्ठ वही हो सकता है जो कर्मनिष्ठ होगा। भगवत प्राप्ति हेतु भक्त को धर्मनिष्ठ व कर्मनिष्ठ दोनों बनना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सूर्य को अर्घ्य देने से सूर्य को बल प्राप्त होता है। उक्त विचार आज यहां श्री नरसिंह कृपा धाम एवं ब्राह्मण समाज उत्थान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित गोस्वामी तुलसी दास जी की 527 वीं जयंती महोत्सव में मुख्य वक्ता के रूप में अयोध्या से पधारे श्रीमज्जदगुरू रामानुचार्य स्वामी विष्णु विक्रम जी महाराज ने व्यक्त किए। महाराज जी कहा कि उदारता के प्रतीक संत तुलसी दास जी का संदेश है कि कर्म को जिम्मेदारी से करो। तुलसी जी राम चंद्र जी को साधारण मानव मानते थे। उनके चरित्र का श्री रामचरित्र मानस के माध्यम से बखान किया। रामचरित मानस ग्रंथ विश्व को एक धरोहर है। इसमें हर समस्या का समाधान है।

श्रीमद् जगतगुरु रामभद्राचार्य जी के शिष्य एवं लक्ष्मण पीठाधीश्वर, स्वामी धीरेंद्र वशिष्ठ जी ने भयंकर गुलामी के दौर में तुलसी जी जन मंगल व कल्याण के जिए। उनका साहित्य जन मानस के स्वाभिमान का प्रतीक है। तुलसी न होते, तो देश में चोटी व बेटी न होती। आज देश में राम की उदारता व लक्ष्मण की आक्रामकता की आवश्यकता है। बांग्लादेश की वर्तमान घटना पर उन्होंने कहा कि आज हिंदू समाज को सबल होकर ही अपनी रक्षा कर सकता है।

स्वामी,मुद्रक व प्रकाशक अवनीश कुमार द्वारा भगवती प्रिंटर्स,इण्डस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार से छपवाकर ग्रा. बसवाखेड़ी पो. मंगलौर, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित किया।
**सम्पादक: अवनीश कुमार, मो0 9410553400**
ई-मेल: liveskgnews@gmail.com
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरिद्वार न्यायालय में ही होगा)
सभी लेखों में सम्पादक की सहमति जरूरी नही है।